# पाक पंजाब से जहरीली हवा की मार

▸ भारतीय पंजाब में पराली जलाने के 471 ही मामले ▸ दिवाली पर पाक पंजाब में 1750 जगह जली पराली

**पटना,दिल्ली,मेरठ 22 अक्यूबर. उत्तर भारत में खराब होती वायु गुणवत्ता को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है. पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) और पीजीआई चंडीगढ़ की संयुक्त रिसर्च टीम की रिपोर्ट के अनुसार इस बार पराली जलाने के सबसे ज़्यादा मामले पाकिस्तान के पंजाब में दर्ज किए गए हैं, न कि भारतीय पंजाब में रिपोर्ट के मुताबिक, 1 सितंबर से 20 अक्टूबर 2025 तक पाकिस्तान पंजाब में कुल 3472 पराली जलाने के मामले सामने आए हैं, जबकि भारतीय पंजाब में महज 471 और हरियाणा में सिर्फ 281 केस रिपोर्ट हुए.**



दिवाली के बाद एक बार फिर भारत के कई शहरों की हवा ज़हर बन चुकी है. इस बार हालात ऐसे हैं कि दिल्ली जैसी घनी आबादी वाली राजधानी भी प्रदूषण के मामले में पीछे छूट गई है. हरियाणा का जींद (एक्यूआइ 421) और धारूहेड़ा (एक्यूआई 412) दिल्ली (एक्यूआइ 335) से अधिक प्रदूषित हैं. राजस्थान का श्रीगंगानगर तो सबसे खतरनाक स्तर (एक्यूआइ466) पर पहुंच गया है, जहां हवा में सांस लेना सीधे जान के लिए खतरा बन गया

इस वजह से दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत की हवा जहरीली होती जा रही है. अगर तुलना की जाए तो भारतीय पंजाब में पिछले साल की तुलना में पराली जलाने में 58 प्रतिशत और हरियाणा में 65 प्रतिशत की गिरावट आई है. दिवाली के दिन, 20 अक्टूबर को, पाकिस्तान के पंजाब में पराली जलाने के 1750 मामले रिपोर्ट हुए, जबकि भारतीय पंजाब में 200 और हरियाणा में सिर्फ 61. यह दिखाता है कि दिवाली के दिन भी पाकिस्तान पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं अधिक थीं, जो हवाओं के ज़रिए उत्तर भारत में प्रदूषण का बड़ा कारण बनीं.

# पीएम ने शाह को दी जन्मदिन की बधाई

**नयी दिल्ली, 22 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आज 61वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी. प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर साझा किए गए एक संदेश में, शाह के जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण और भारत के आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की. गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ.**



जनसेवा के प्रति उनका समर्पण और प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए उनके अथक प्रयास वास्तव में सराहनीय हैं. ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे. बाइस अक्टूबर, 1964 को मुंबई के एक गुजराती परिवार में जन्मे अमित शाह भाजपा में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं, जिन्होंने देश भर में पार्टी के विस्तार और सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका जुड़ाव 1980 के दशक में गुजरात आरएसएस में उनके शुरुआती दिनों से है. इस खास दिन पर शाह अहमदाबाद स्थित अपने आवास पर गुजराती नव वर्ष, बेस्टु वरस, मनाने वाले हैं और पारंपरिक रीति-रिवाजों और त्योहारों की शुभकामनाओं के साथ मेहमानों का स्वागत करेंगे.

### नीतीश और नायडू समेत कई मुख्यमंत्रियों ने दी शुभकामनाएं

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर के दिग्गज नेताओं और मुख्यमंत्रियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके राष्ट्रहित में योगदान को सराहा. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी सहित कई एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अमित शाह की राष्ट्रसेवा, संगठन कौशल और सहकारिता क्षेत्र में किए गए प्रयासों को अनुकरणीय बताया.

# जन समस्याओं के प्रति बनें संवेदनशील

**गोरखपुर, 22 अक्टूबर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनीं. सबकी समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखायें.**



समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं. समस्या लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए. सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी. दीपावली के दिन से गोरखपुर प्रवास कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले.

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक- एक कर उनकी समस्याओं को सुना. इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए.

### योगी ने दी गोवर्धन पूजा की बधाई

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर सभी प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनायें दी हैं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोवंश के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इसको कुपोषण से सुपोषण की तरफ ले जाने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है. अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा, गोवर्धन पूजा की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें.

# अमेरिका में 2,000 से ज़्यादा मैक्सिको के नागरिक गिरफ्तार

**मेक्सिको सिटी.** मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा है कि इस साल जनवरी से अब तक अमेरिका में 2,382 मैक्सिकन हिरासत में लिए गए हैं. नेशनल पैलेस में एक संवाददाता सम्मेलन में शीनबाम ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि अमेरिकी सरकार की आव्रजन कार्रवाई में छह जून से 20 अक्टूबर के बीच 1,390 मैक्सिकन, यानी कुल बंदियों का लगभग 58.3 प्रतिशत, गिरफ्तार किए गए. राष्ट्रपति ने हिरासत में लिए गए लोगों की कानूनी स्थिति पर चिंता भी जताई. इन बंदियों के बारे में ठीक से जानकारी नहीं दी गयी है.

# गोवर्धन पूजा पर देशवासियों को दी बधाई

▸ केजरीवाल ने की समृद्धि और खुशहाली की कामना की

▸ शहीद अश्फ़ाक उल्लाह ख़ान को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने मंगलवार को देशवासियों को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं और साथ ही शहीद अश्फ़ाक उल्लाह ख़ान की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.**



केजरीवाल ने कहा कि अश्फ़ाक उल्लाह ख़ान का बलिदान आज भी हर भारतीय के दिल में अमर है और उनकी शहादत देश की आज़ादी के इतिहास में एक गौरवपूर्ण अध्याय है. गोवर्धन पूजा के अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से सभी देशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की. यह बयान देश की विविधता में एकता और धार्मिक व राष्ट्रभक्ति मूल्यों की झलक पेश करता है. केजरीवाल का यह संदेश ऐसे समय आया है जब देश में धार्मिक त्योहारों और स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को एकजुटता के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है.

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने आज एक भावुक संदेश में भारत माता के वीर सपूत शहीद अश्फ़ाक उल्लाह ख़ान को उनकी जयंती पर शत-शत नमन किया और साथ ही गोवर्धन पूजा के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं. अरविन्द केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा, भारत माता के वीर सपूत शहीद अश्फ़ाक उल्लाह ख़ान जी की जयंती पर शत-शत नमन. उनका बलिदान आज भी हर भारतीय के दिल में अमर है.

# वन क्षेत्र में भारत विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंचा

**नयी दिल्ली.** भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और कुल वन क्षेत्र के मामले में देश विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंच गया है. इंडोनेशिया के बाली में खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के जारी वैश्विक वन संसाधन आकलन , 2025 के अनुसार भारत ने वन क्षेत्र के मामले में यह अहम मुकाम हासिल किया है. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में इस प्रगति का ब्योरा साझा किया. श्री यादव ने कहा कि यह सभी भारतीयों के लिए खुशी का एक कारण है.

## एक नजर में



### इक्काडोर के तटीय प्रांत में 6.1 तीव्रता का भूकंप

**क्विटो.** इक्काडोर के तटीय प्रांत एल ओरो के एरेनिलस नगरपालिका मंगलवारक को में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया. इक्काडोर के भूभौतिकीय संस्थान ने यह जानकारी दी. संस्थान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि भूकंप 83 किलोमीटर की गहराई पर आया और स्थानीय समयानुसार शाम 7-05 बजे दर्ज किया गया. अभी तक किसी के हताहत होने या किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है. निवासियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण-पश्चिमी शहर ग्वायाकिल और पेरू की सीमा से लगे एल ओरो के अन्य कस्बों में भूकंप का जोरदार असर महसूस किया गया.

### आतंकियों की गोलीबारी में दो पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को अज्ञात आतंकवादियों की गोलीबारी में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी. पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना नोश्की ज़िले की है, जहाँ अज्ञात बंदूकधारी पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी कर मौके से फरार हो गये. पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गयी. सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और तलाशी अभियान जारी है.

### युगांडा में भीषण सड़क हादस- 63 लोगों की मौत, कई घायल

**कम्पाला.** युगांडा में बुधवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में कम से कम 63 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये. यह दुर्घटना कम्पालाङ्गगुलु हाईवे पर स्थित कितालेबा गांव के पास आधी रात सवा बारह बजे हुई. युगांडा पुलिस के मुताबिक, हादसे में दो बसें, एक ट्रक और कार की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गयी. प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कम्पाला से गुलु जा रही एक बस के चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की. उसी समय विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बस भी एक कार को ओवरटेक कर रही थी. इसी दौरान चारों वाहन आपस में टकरा गये. पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर तुरंत राहत अभियान शुरू किया गया. घायलों को किरयांडोंगो अस्पताल और आसपास के अन्य चिकित्सा केंद्रों में भर्ती कराया गया है. मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम और पहचान के लिए श्मशान गृह भेजा गया है. पुलिस के प्रवक्ता एसपी कनानुरा माइकल ने कहा कि जांच जारी है.

# चुनाव से पहले ही महागठबंधन में दरारें

बिहार विधानसभा : 12 सीटों पर चुनाव मैदान में सहयोगी आमने-सामने

**पटना, 22 अक्टूबर. बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही महागठबंधन के भीतर सियासी दरारें खुलकर सामने आ चुकी हैं और सहयोगी दल 12 विधानसभा क्षेत्रों में एक- दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं. ज़मीनी हकीकत यह है कि जिस महागठबंधन ने मिलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को चुनौती देने का सपना देखा था वही अब आपसी संघर्ष से जूझ रहा है.**

इनमें से 7 सीटों पर मतदान दूसरे चरण, 11 नवंबर को होना है, जबकि 5 सीटें पहले चरण, 6 नवंबर को मतदान वाली हैं. दूसरे चरण के लिये नामांकन वापसी की अंतिम तारीख गुरुवार, 23 अक्टूबर है, लेकिन अब तक इन उम्मीदवारों के हटने के कोई संकेत नहीं हैं. राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, वामदल और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के बीच सीधी टक्कर कई सीटों पर देखने को मिल रही है.

सीट बंटवारे में राजद को 143 और कांग्रेस को 61 सीटें मिली थीं, लेकिन जमीनी कार्यकर्ता और स्थानीय नेताओं ने अपनी ही पार्टी की घोषणा को दरकिनार कर दिया है. राजद के छह प्रत्याशी कांग्रेस के खिलाफ चुनाव मैदान में डटे हुये हैं. सुलतानगंज विधानसभा क्षेत्र से राजद के चंदन कुमार सिन्हा कांग्रेस प्रत्याशी लालन कुमार के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं.

प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद की इशरत परवीन और कांग्रेस के तौकीर आलम खड़े हैं. वैशाली विधानसभा क्षेत्र से राजद के अजय कुशवाहा कांग्रेस के इं. संजीव सिंह के खिलाफ, कहलगांव विधानसभा क्षेत्र से राजद के रजनीश भारती कांग्रेस के प्रवीण कुशवाहा के खिलाफ, वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र से राजद की अनीता देवी कांग्रेस के सतीश कुमार उर्फ़ मंटन सिंह के खिलाफ और नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र से राजद के दीपक कुमार कांग्रेस के शास्वत केदार के चुनावी मैदान में खड़े हैं.

वाम दलों को कुल 33 सीटें दी गई थीं, लेकिन भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने कांग्रेस को टक्कर देते हुये चार जगहों पर अपने उम्मीदवार उतार दिये हैं. करगहर विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई के महेंद्र गुप्ता कांग्रेस के संतोष कुमार मिश्रा के खिलाफ, बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई के शिव प्रकाश यादव कांग्रेस के ओमैर खान के खिलाफ, राजापाकड़ (सु) विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई के मोहित पासवान कांग्रेस की प्रतिमा कुमारी के खिलाफ और बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई के अवधेश कुमार राय कांग्रेस शिव प्रकाश गरीब दास के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. महागठबंधन में मिली 15 सीटों के बावजूद, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के दो उम्मीदवार सीधे तौर पर राजद के सामने खड़े हो गये हैं.

### तेजस्वी का हर घर नौकरी का दावा सच्चाई से परे: भाजपा

**नयी दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव का हर घर सरकारी नौकरी का दावा सच्चाई से परे और जनता की आंखों को धूल झोंकने वाला है. भाजपा प्रवक्ता सुंधाशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजद अब नौकरी के बजाय आम जनता के घर पर कब्जा करने की योजना बना रही है. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कोई भी गंभीर व्यक्ति यह समझ सकता है कि किसी भी कीमत पर ये संभव नहीं है. त्रिवेदी ने कहा कि बिहार का कुल बजट 3.17 लाख करोड़ रुपये है, जबकि उनकी योजना को धरातल पर लाने के लिए आवश्यकता 29 लाख करोड़ रुपये की होगी, जो सच्चाई से परे और आधारहीन है. उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, बिहार में चुनावी प्रक्रिया गतिमान है और महागठबंधन में आपस में छिड़ा घमासान है, घमासान इस सीमा तक है कि जो लोग मतदाता सूची सही न बना पाने का स्वांग रचकर भ्रम पैदा कर रहे थे. वे न अपने गठबंधन दलों की सूची फाइनल कर पाये हैं और न ही अपने प्रत्याशियों की सूची फाइनल कर पाये हैं. न साझा घोषणा-पत्र बना पाये हैं, साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पासे हैं और न ही मुख्यमंत्री और न ही उप मुख्यमंत्री के नाम का निर्धारण नहीं कर पाये हैं. त्रिवेदी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत के बिहार चुनाव गठबंधन की कमान संभालने पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, मुझे लगता है कि महागठबंधन के सहयोगियों को लगने लगा है कि आने वाले समय में कांग्रेस सहयोगी दलों को खत्म करने जा रही है.



### हंगरी में पुतिन-ट्रंप की मुलाकात स्थगित



**वाशिंगटन, 22 अक्टूबर.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप-रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हंगरी में मंगलवार को होने वाली प्रस्तावित मुलाकात स्थगित कर दी है और कोई नई तारीख तय नहीं की गई है.अमेरिकी और रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी. इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच रचनात्मक लेकिन अनिर्णायक फोन पर हुई बातचीत के बाद हंगरी के बुडापेस्ट में संभावित बैठक की तैयारियाँ स्थगित कर दी गई हैं. पिछले सप्ताह पुतिन के साथ फोन पर बातचीत के बाद ट्रंप ने कहा कि वह रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों में कोई सफलता पाने के लिए जल्द ही रूसी नेता से मिलने के लिए तैयार हैं.


## कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री राहुल लोधी श्रीमती खुशबू लोधी श्रीमती खुशबू लोधी (प्रॉस्पेक्ट नं. 971370) | पटवारी हल्का संख्या 23, (सरल संख्या 2270), ग्राम टोकला, टेक टेकखुर्द, जिला देवास, मध्य प्रदेश, भारत, 455001 संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफलः 450.00, 450.00, 300.00 | रु. 317104/- तीन लाख सत्रह हजार एक सौ चार मात्र | 09-05-2025 | 18-Oct-25 |
| श्री संतोष यादव किराना स्टोर श्रीमती ममता बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10299196) | पटवारी हल्का संख्या 76 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, ग्राम मुलथान, कसारवाड़, खरगोन, मध्य प्रदेश, भारत, 451335 पर स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 1500.00, 966.00, 780.00 | रु. 411848/- चार लाख ग्यारह हजार आठ सौ अड़तालीस मात्र | 08-05-2025 | 18-Oct-25 |
| श्री ओमप्रकाश मालाकार प्लम्बर, श्रीमती दुर्गा बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10308344) | पटवारी हल्का संख्या 39, क्षेत्रफल 480 वर्ग फुट, ग्राम हीरापुर, कुसरवद, खरगोन, मध्य प्रदेश- 451111-भारत में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफलः 480.00, 480.00, 300.00 | रु. 329860/- तीन लाख उनतीस हजार आठ सौ साठ मात्र | 08-04-2025 | 18-Oct-25 |
| श्री शेख आसिफ श्रीमती तस्लीमा बी खान दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10345871) | मकान संख्या 214/1,2 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा प्लॉट संख्या 156/4, सर्किल संख्या 1, वार्ड संख्या 11, ब्लॉक संख्या 37, करंज बाजार वार्ड, शास्त्री चौक, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश 450331 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफलः 771.00, 642.00 | रू. 550942/- पाँच लाख पचास हजार नौ सौ बयालीस मात्र | 28-04-2025 | 17-Oct-25 |
| श्री विनोद बेहाड़े श्रीमती मीना बाई बेहाड़े विनोद दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10427836) | खसरा संख्या 258, मकान संख्या 788, फोन 02, वार्ड संख्या 15, सरकारी अस्पताल के पास लोनी, तहसील और जिला-बुरहानपुर, मध्य प्रदेश, भारत, पिन संख्या 450331 संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल। संपत्ति क्षेत्रफलः 500.00, 360.00, 450.00 | रु. 334780/- तीन लाख चौंतीस हजार सात सौ अस्सी मात्र | 09-06-2025 | 18-Oct-25 |
| श्री मेहराम श्रीमती शिलिपा बाई चौहान डेयरी सुतारखेड़ा (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10503537) | मकान संख्या 08 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, सुतारखेड़ा गाँव, खंडवा, मध्य प्रदेश, भारत में स्थित, 450881 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 1600.00, 290.00, 363.00 | रु. 304711/- तीन लाख चार हजार सात सौ ग्यारह मात्र | 12-06-2025 | 17-Oct-25 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: प्रथम तल, 29 निकास चौराहा, अंकपथ मार्क, नई सड़क उज्जैन (मध्य प्रदेश) - 456001/226 भूतल एबी रोड, चामुंडा माता मंदिर के सामने, देवास - 455001/102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेसकोर्स रोड, इंदौर 452001, म.प्र. या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः इन्दौर
दिनांकः 23-10-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।


## सम्मान

### राजनाथ ने नीरज चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद रैंक का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया

# नीरज चोपड़ा बने मानद लेफ्टिनेंट कर्नल

**नयी दिल्ली 22 अक्टूबर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जाने-माने भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बुधवार को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का प्रतीक चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया. सिंह ने यहां एक विशेष समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा को यह प्रतीक चिन्ह प्रदान किया.**



रक्षा मंत्री ने उनके परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए ले. कर्नल को दृढ़ता, देशभक्ति और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का आदर्श उदाहरण बताया. रक्षा मंत्री ने कहा, लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रीय गौरव के सर्वोच्च आदर्शों के प्रतीक हैं और वह खेल जगत तथा सशस्त्र बलों दोनों के लिए आने वाली पीढ़ियों के प्रेरणास्रोत हैं.

इस अवसर पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी तथा सेना और प्रादेशिक सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. वर्ष 2016 में सेना में भर्ती हुए लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा ने सेना की राजपूताना राइफल्स में सेवा की है.

हरियाणा के पानीपत जिले के खंडरा गांव में 24 दिसम्बर 1997 को जन्मे नीरज चोपड़ा ने अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से राष्ट्र और सशस्त्र बलों का गौरव बढ़ाया है. स्टार भाला फेंक खिलाड़ी ने 2020 के टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतकर पहले भारतीय एथलीट के रूप में इतिहास रचा था.


## OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY

Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

### Tender Notice

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app.

| No. | Tender Number & date of issue | Name of Work | Time Limit /and PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UDA/ETENDER/25/ 133 16-10-2025 2025_DTCP_458190_1 | Construction of Mela Office building at Ujjain | 18 Months 39,56,20,000/- | 59,000/- 19,79,000/- | 10.11.2025 17:30 PM |
| 2. | UDA/ETENDER/25/ 134 16-10-2025 2025_DTCP_458133_1 | Selection of Professional Agency for Creative Content Creation I.e. Animation, 3 D Visualization, Modelling, Graphical Representation/Visualization and Allied works for Ujjain Development Authority (UDA) Ujjain. | 30 Months 3,86,20,000/- | 17,700/- 3,86,200/- | 06.11.2025 17:30 PM |
| 3. | UDA/ETENDER/25/ 136, 17-10-2025 2025_DTCP_458252_1 | Project Management consultancy for roads and other infrastructure works of uda, at ujjain. | 24 Months 4,51,00,000/- | 17,700/- 4,51,000/- | 10.11.2025 17:30 PM |

**Note :** Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)
Executive Engineer
Ujjain Development Authority, Ujjain